हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 म्याना में सड़क हादसे का कहर दो परिवारों के बुझ गए चिराग



07 शहर में धन तेरस का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया, शहर में खूब खनके बर्तन





रूप चौदस

को हार्दिक शुभकामनाएं

आनंद सिंह लोढ़ा

चेयरमैन

मणिधारी ग्रुप, गुना

समाचार संक्षेप

विकास नगर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ गीता स्वाध्याय



गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् एवं गीता स्वाध्याय मंडल के तत्वावधान में विकास नगर स्थित नरेंद्र भारद्वाज के निवास पर रविवारीय गीता स्वाध्याय का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित ओमप्रकाश पाराशर द्वारा गणेश, गौरी एवं गुरु वंदना से किया गया। इसके बाद पंडित चंद्रप्रकाश भट्ट ने रामायण की चौपाइयों का गायन किया। संतोष ओझा ने गीता श्लोक, तन्मय भारद्वाज ने सुभाषित, रचना त्रिवेदी ने अमृत वचन तथा जशवंत सिंह रघुवंशी ने प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पंडित रामकुमार तिवारी ने श्रीमद्भगवद्गीता के 12वें अध्याय 'भक्ति योग' के श्लोक 11 की व्याख्या करते हुए बताया कि मनुष्य अपने कर्मों को भगवान को समर्पित कर तथा कर्मफल का त्याग कर भी भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि कर्तव्यों का निर्वहन ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से करना है। इस अवसर पर पंडित चंद्रप्रकाश भट्ट ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जवाहरलाल द्विवेदी, वीरेंद्र भार्गव सहित अनेक श्रद्धालु एवं स्वाध्याय मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नियमित गीता अध्ययन एवं उसके संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।

जिला अस्पताल में चेहरे की टूटी हड्डी का सफल ऑपरेशन

गुना। जिला अस्पताल गुना में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में चेहरे की गंभीर चोट से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन कर उसे राहत प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभराज से मरीज बादाम बाई चेहरे पर चोट लगने के कारण उपचार हेतु जिला अस्पताल गुना आई थी। जांच के दौरान सीटी स्कैन में चेहरे की हड्डी टूटी हुई पाई गई। साथ ही मरीज का मुंह कम खुलने की समस्या भी सामने आई। जिला अस्पताल गुना में पदस्थ दंत शल्य चिकित्सक डॉ. प्रदीप कश्यप एवं डॉ. निखिल मोरीवाल द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय जांच के उपरांत मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद मरीज की स्थिति में सुधार हुआ है तथा वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उपचार सेवाओं से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

तेज रफ्तार बनी काल, अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

म्याना में सड़क हादसे का कहर दो परिवारों के बुझ गए चिराग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के म्याना थाना क्षेत्र में सड़क हादसों ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। क्षेत्र में अलग-अलग हुई दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में आइडिया मोबाइल टॉवर के 56 वर्षीय चौकीदार और ग्वालियर से शादी समारोह में शामिल होकर भोपाल लौट रहे एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार और लापरवाही इन हादसों की मुख्य वजह बनी, जिससे दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ग्वालियर शादी से भोपाल लौट रहे युवक की मौत

जानकारी के अनुसार जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्वालियर से भोपाल लौट रहे एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक आरिश खान (25) पुत्र आरिफ खान, मूल निवासी भोपाल, ग्वालियर से अपने एक कजिन की शादी में शामिल होने के बाद भोपाल लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि आरिश भोपाल से तीन दिन पहले ग्वालियर आए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वे दो दिन ग्वालियर रुके और गुरुवार को शिवपुरी स्थित अपनी मौसी के यहां रुके थे। वहां से वे अपनी मोटरसाइकिल से वापस भोपाल स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी म्याना के पास यह भीषण हादसा हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक आरिश की अभी शादी नहीं हुई थी। वे पढ़ाई के साथ-साथ जॉब भी करते थे। अचानक हुए इस सडक़ हादसे से पूरा परिवार गहरे सदमे और शोक में डूबा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

जीप की टक्कर से टॉवर गार्ड की मौत

इधर म्याना थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर भदौरा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में आइडिया मोबाइल टॉवर पर चौकीदारी करने वाले 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात जीप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया, हालांकि चश्मदीदों ने जीप का नंबर नोट कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूलतः ग्राम बिजरौनी जिला शिवपुरी निवासी भगवत सिंह यादव (56) पिछले 10 वर्षों से भदौरा स्थित आइडिया मोबाइल टॉवर पर चौकीदारी का काम करते थे। मृतक के बेटे प्रसन्न यादव ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब 7-8 बजे वे दुकान से निकलकर वापस टॉवर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एबी रोड पर एक तेज रफ्तार जीप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका पूरा शरीर क्षत-विक्षत हो गया और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद राहगीरों ने वाहन का नंबर लिख लिया। शुक्रवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मक्का खरीदी के नाम पर 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारी को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की कुंभराज पुलिस ने मक्का खरीदी के नाम पर करीब 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला व्यापारी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 1.80 लाख रुपये नकदी व बैंक में जमा 58 ग्राम सोने पर होल्ड लगवाया है। वहीं मंडी लाइसेंस भी निरस्त करवाया है।

जानकारी के अनुसार 2 नवंबर 26 को फरियादी देवेन्द्र शर्मा निवासी कुंभराज द्वारा थाना कुंभराज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कुंभराज कृषि उपज मंडी में संचालित उनके अनाज गोदाम से व्यापारी महेश शर्मा निवासी कुंभराज की फर्म अभिषेक ट्रेडर्स को 22, 23 एवं 24 अक्टूबर 26 को कुल 140 टन 160 किलोग्राम मक्का, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये थी, विक्रय किया गया था। व्यापारी द्वारा मक्का की राशि सात दिवस में भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भुगतान करने से पहले ही 26 अक्टूबर 26 से वह अपने घर से फरार हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कुंभराज में आरोपी महेश शर्मा के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुंभराज थाना पुलिस द्वारा आरोपी महेश शर्मा की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए गए। इस हेतु पुलिस द्वारा अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दबिशें दी गईं। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से आरोपी के खटकिया में होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा गत दिवस की रात्रि में फरार आरोपी महेश शर्मा पुत्र ईश्वरलाल शर्मा, निवासी कुंभराज को खटकिया से गिरफ्तार कर उससे 1 लाख 80 हजार रुपये नकद जप्त किए गए हैं ।

भानपुरा में आबकारी व पुलिस की कार्रवाई, 20 हजार किलो गुड़-महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जहरीली शराब के निर्माण और अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए ग्राम भानपुरा में कंजरों के डेरों पर तड़के दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से शराब बनाने के लिए भट्टियां जलती हुई मिलीं। वहीं, पठार और झाड़ियों के बीच प्लास्टिक के ड्रमों में बड़ी मात्रा में गुड़-महुआ लाहन भरा हुआ पाया गया। आबकारी विभाग ने करीब 20 हजार किलोग्राम लाहन जब्त कर मौके पर सैंपल लेने के बाद नष्ट कर दिया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन और जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी



अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 6 नवंबर 2026 को चांचौड़ा वृत्त प्रभारी एल.आर. करोसिया एवं थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया के नेतृत्व में ग्राम भानपुरा स्थित कंजरों के डेरों पर संयुक्त टीम ने दबिश दी।

दबिश के दौरान अवैध शराब निर्माण के लिए उपयोग की जा रही भट्टियां जलती हुई मिलीं। तलाशी में पठार एवं झाड़ियों के बीच रखे प्लास्टिक के ड्रमों में गुड़-महुआ लाहन भरा पाया गया। आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर सैंपल लेकर करीब 20 हजार किलोग्राम लाहन नष्ट किया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 20 लाख रुपये बताया गया है। इसके अलावा पुलिस बल द्वारा भी मदिरा सामग्री जब्त की गई। इस कार्रवाई में चार प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। आरोपियों की पहचान और मामले की विवेचना जारी है। कार्रवाई में पुलिस बल का विशेष सहयोग रहा। आबकारी विभाग की ओर से मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीना एवं दिनेश कुमार राठौर तथा होमगार्ड सैनिक सतीश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



जन विश्वास अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बहादुरपुर का भ्रमण किया

अशोकनगर। मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय निगम ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में भ्रमण किया। इस दौरान जिले में मिशन द्वारा किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया एवं समूह सदस्यों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली।

इस दौरान ग्राम की लखपति दीदियों के साथ संवाद किया। दीदियों से चर्चा के दौरान जिले में चंदेरी साड़ी को क्लस्टर के रूप में विकसित करने एवं बाजार उपलब्ध कराने, दीदियों को पशुपालन गतिविधि, सब्जी उत्पादन, पुष्प उत्पादन, बागवानी जैसी गतिविधियों से जोड़कर समूह सदस्यो को लखपति की श्रेणी में लाने हेतु अन्य विभागों के साथ अभिसरण कर लाभ दिलाए जाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर काम करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी पात्र समूहों को बैंक लिंकेज कराने, युवाओ को आवश्यकता अनुसार कौशन उन्नयन प्रशिक्षण दिलाने एवम स्वरोजगार स्थापित के पूर्व प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिये गए। ग्राम पंचायत भ्रमण के दौरान जन समस्या निवारण हेतु चर्चा में ग्राम में सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए पीएचई विभाग को जल्द से जल्द नल-जल योजना चालू कराने,ग्रामीणों की स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने की शिकायत पर विद्युत विभाग को तत्काल जांच कर निराकरण करने, आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का नियमित समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पीजी कॉलेज में दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला स्तर पर अशोकनगर तो संभाग स्तर पर गुना बना चैंपियन



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, अशोकनगर के खेल मैदान पर उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला एवं संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 4 एवं 5 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला टीमों के मध्य मुकाबले आयोजित किए गए। जिला स्तरीय फाइनल मुकाबला अशोकनगर और चंदेरी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में अशोकनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंदेरी को 9 विकेट से पराजित कर जिला स्तरीय खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन संभाग स्तरीय स्पर्धा में अशोकनगर, गुना एवं शिवपुरी जिलों की टीमों ने सहभागिता की। रोमांचक मुकाबलों के बाद फाइनल मैच गुना और अशोकनगर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गुना जिले की टीम विजयी रही और संभाग स्तरीय ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. सुराना, गुना एवं अशोकनगर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए क्रीड़ा अधिकारी, कोच, टीम प्रभारी, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना करते हुए संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दीं।

'आपका निर्णय ही आपकी योग्यता, कार्यशैली को तय करता है'

अशोकनगर। मुनि निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने जीवन में निर्णय लेने का अवसर प्राप्त होता है और ऐसे समय में ही आपकी मानसिक क्षमता और आपकी योग्यता का आकलन सही हो पाता है। आपका निर्णय ही आपकी योग्यता, आपकी क्षमता, आपकी कार्यशैली, आपकी दूरदर्शिता आदि मापदंडों को तय करता है। उन्होंने एक दृष्टान्त से बात समझाने का प्रयास करते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने अपनी ही सम्पत्ति की प्राप्ति के लिए पूरे जीवन भर संघर्ष किया। कोर्ट-कचहरी और थाने के चक्कर लगाते-लगाते उसका पूरा जीवन फुटपाथ पर ही निकल गया। सम्पत्ति के सम्पूर्ण अधिकार उसी के पास थे। उसे अपनी ही सम्पत्ति के लिये, अपने ही अधिकार के लिये न्यायालय तक जाना पड़ा। उसे न्याय भी मिला। पर कब? जब वह मरणासन्न



अवस्था में पहुंच गया तब। अपने महलनुमा घर और भी उसकी सम्पत्ति उसे मिली पर कब? जब वह अपनी अन्तिम सांसें गिन रहा था तब। न्यायालय का यह न्याय सही है या गलत? न्यायालय का न्याय सही तो है परन्तु देरी से प्राप्त हुआ न्याय भी अन्याय से कम नहीं होता है। इसलिये जब भी कोई निर्णय लेने का अवसर प्राप्त हो तो उस समय आपको क्या करना है? यह भी आपकी योग्यता का परिचायक है। यह दिखलाता है कि आप लायक हैं या...? निर्णायक का निर्णय ही उसकी क्षमताओं का, योग्यता का आदि का निर्णायक होता है। कई बार हम हमारी कमजोरी को भाग्य मानकर पुरुषार्थ को गौण कर देते हैं और हमारा यह भाग्य भरोसे बैठे रहना पुरुषार्थहीनता का ही प्रतीक है।

धनतेरस पर जिला चिकित्सालय के रेडक्रॉस में हुआ आयोजन



धनतेरस पर शोरूम में रही चमक, मध्यमवर्ग की जेब पर हावी दिखी महंगाई

ऑनलाइन शॉपिंग के चलन से भी पारंपरिक व्यापार पड़ा सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

लोक आस्था और समृद्धि के प्रतीक पांच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज शुक्रवार को धनतेरस के पावन पर्व के साथ हो गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में पर्व की रौनक नजर आने लगी और लोग खरीदारी के लिए निकलने लगे। हालांकि, बाजार की इस चहल-पहल के बीच महंगाई का असर और बदलते उपभोक्ता व्यवहार की साफ छाप दिखाई दी। जहां बड़े शो-रुम्स और चुनिंदा दुकानों पर ग्राहकों का तांता लगा रहा, वहीं आम दुकानों और फुटपाथ व्यापारियों के लिए ग्राहकी उम्मीद से सुस्त नजर आई।

परंपरागत रूप से धनतेरस पर पीतल-तांबे के बर्तन, चांदी के सिक्के अथवा झाड़ू खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता रहा है।



लेकिन आधुनिकता के इस दौर में खरीदारी के मायने पूरी तरह बदलते दिख रहे हैं। आज के समय में सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद और दो-पहिया या चार-पहिया वाहनों की डिलीवरी लेने की होड़ मची रही। पारंपरिक बर्तनों की जगह अब ब्रांडेड होम एप्लायंसेज और गाडिय़ों की चमक-दमक ने ले ली है। शहर के बड़े ज्वेलरी शो-रुम्स और ऑटोमोबाइल डीलर्स के पास जरूर बुकिंग और डिलीवरी को लेकर अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली, जिसे देखकर लगता है कि परंपराओं पर आधुनिकता और दिखावा हावी हो चुका है।

ऑनलाइन ट्रेंड और महंगाई का दोहरा थपेड़ा

स्थानीय व्यापारियों और आम जनता के बीच इस बार बाजार के बदले मिजाज को लेकर काफी चर्चा रही। एक तरफ जहां आसमान छूती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ रखा है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती ऑनलाइन शॉपिंग संस्कृति ने स्थानीय खुदरा व्यापारियों के व्यापार को गहरा झटका दिया है। बाजार में आए कई ग्राहकों का कहना था कि लगातार बढ़ती कीमतों के कारण धनतेरस पर खरीदारी अब महज एक रस्म बनकर रह गई है। मध्यम वर्ग के लिए अपनी जरूरतों को समेटना मुश्किल हो रहा है, जिससे यह आम धारणा मजबूत होती दिखी कि त्यौहार की असली चमक अब सीमित वर्ग तक ही सिमट गई है।

तमाम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद, पर्व के उत्साह में लोगों ने अपनी क्षमतानुसार पूजन सामग्री, सजावटी सामान, फूल-मालाओं और किराना बाजार से खरीदारी की। लक्ष्मीगंज, सदर बाजार और हाट रोड पर देर रात तक खरीदारों की आवाजाही बनी रही। धनतेरस के इस आरंभिक उल्लास के बाद अब शनिवार, 7 नवंबर को रूप चौदस (छोटी दिवाली) मनाई जाएगी, जिसके लिए यम दीपदान की तैयारी की जा रही है। वहीं 8 नवंबर को मुख्य दीपावली पर्व पूरे शहर व अंचल में पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोल्लास और आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

धनतेरस के अवसर पर आरोग्य भारती जिला गुना द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित रेडक्रॉस भवन में भगवान धन्वंतरि का विधिवत पूजन-अर्चन कर पूजन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारतीय सनातन परंपरा में भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद एवं आरोग्य का देवता माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। वे देवताओं के वैद्य तथा आयुर्वेद के प्रवर्तक माने जाते हैं। धनतेरस का पर्व उनके प्राकट्य दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व हमें उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी जीवन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश देता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक अशोक सिंह कुशवाह ने पंच परिवर्तन एवं पर्यावरण के विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका सीएमओ शैलेश अवस्थी ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आरोग्य भारती जिला गुना के जिलाध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम बुनकर ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में डॉ. एम.के. जैन एवं डॉ. निर्मल सोनी मंचासीन रहे।

खबर संक्षेप



थोक सब्जी मंडी में शौचालय का लोकार्पण

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा करीव 20 लाख की लागत से नवीन थोक सब्जी मंडी में सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं 25 लाख की लागत से नवनिर्मित शौचालय का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा एवं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा,राजकुमार नगेश्री, सोनू सुमन, राकेश शर्मा द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। नवीन थोक सब्जी मंडी में लंबे समय से सड़क एवं शौचालय की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण यहां आने वाले सब्जी व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नगर पालिका परिषद द्वारा सीसी सड़क निर्माण एवं बेहतर सुविधाओं से युक्त शौचालय का निर्माण कराकर इस समस्या का समाधान किया गया है। नवनिर्मित शौचालय से मंडी में आने वाले व्यापारियों, किसानों एवं नागरिकों को स्वच्छता और सुविधा का लाभ मिलेगा। नपा अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि नगर के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री का दौरा निरस्त

अशोकनगर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव का शुक्रवार को ग्राम अजलेश्वर का दौरा कार्यक्रम तय था, वह यहां चंदेरी विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी की मां चंपा बाई के निधन पर श्रृंद्धाजलि सभा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे थे, लेकिन एन वक्त पर यह कार्यक्रम निरस्त हो गया। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम शाम 4.35 बजे आना तय था, प्रशासनिक तैयारियां एक दिन पहले से चल रहीं थी, जिसे लेकर जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय और एसपी राजीव कुमार मिश्रा लगातार प्रशासनिक तैयारियां पूरी करा चुके थे, लेकिन शाम 4 बजे अचानक उनका दौरा निरस्त हो गया।

ट्रेन से टकराने से युवक की मौत

अशोकनगर। मुंगावली थाने के अंतर्गत रामगुलाम पुत्र गंभीर सिंह राजपूत उम्र 42 साल निवासी भेरका की खंम्बा नंबर 1002/33 व 1002/31 के बीच ट्रेन से टकराने से आई चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

पूरे दिन खरीददारी होती रही, सराफा व्यापारियों के यहां भी ग्राहकी आई नजर

शहर में धन तेरस का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया, शहर में खूब खनके बर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में धनतेरस के पर्व के साथ 5 दिवसीय दीपावली का पर्व प्रारंभ हो गया है। दीपावली के इस त्यौहार पर धन तेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की गई। इस मौके पर धन के देवता कुवेर की भी पूजा की गई। धन तेरस का दिन धन त्रयोदसी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोगों बर्तनों की खरीददारी की और सराफा बाजार की दुकानों पर भी लोगों ने अपने पसंद के आभूषण खरीदे। इस दौरान शहर में बर्तन खूब खनकते हुए देखे गए।भगवान धन्वंतरि की पूजा इसलिए की जाती है कि वह आर्युवेद के जनक है और देवताओं के वैध हैं वहीं दूसरी ओर मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और अपने भक्तों को धन धान्य से भर देती हैं। इसीलिए लोग धनतेरस के दिन सोना-चांदी बर्तन और नई चीजों की खरीददारी करते हैं जिसे शुभ माना जाता है। माता लक्ष्मी और कुवेर देव की आराधना से घर में समृद्धि का वास होता है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि देवी लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा की गई। इसी दिन से दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है। घर-घर दीप मालाए सजाई गईं हैं। अनेक घरों पर रोशनी की गई है।





बर्तन बाजार में स्टील के बर्तन अधिक पसंद किए गए

शहर में बर्तन बाजार की बात करें तो सबसे अधिक भीड़ धन तेरस के दिन इन दुकानों पर ही रही। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े परिवार सामुहिक रूप से बर्तनों की खरीददारी करने पहुंचे। पीतल और ताम्बे के बर्तन तो खरीदे ही गए साथ में स्टील के बर्तनो को लेकर लोगों को रूझान अधिक नजर आया। मध्यम और निचले तपके के लोग पूरे वर्ष भर में बर्तन की खरीदी के लिए धन तेरस के दिन का इंतजार करते हैं। यह परिवार धन तेरस पर बर्तनों की खरीदी करने के लिए पहुंचे। बर्तन बाजार में हर वर्ष नए डिजाईन के बर्तन दिखाई देते हैं। इस बार भी इस तरह के बर्तन बाजार में नजर आए जो ग्राहकों को अपनी ओर आर्कषित करते रहे। शहर भर में अगर बर्तन की दुकानों की बात करे तो लगभग आधा सैकड़ा दुकानों पर बर्तनों की बिक्री होती देखी गई। जिले भर में बर्तनों की बिक्री का कारोबार खूब रहा। यह बर्तन बाजार खरीददारी के लिए पुष्य नक्षत्र से लेकर दीपावली तक खरीददारी का केन्द्र बना रहता है। शहर में करोड़ो का कारोबार इस बर्तन बाजार में होते हुए देखा गया। सुबह के 9 बजे से रात 12 बजे तक लोग बरतने खरीदने पहुंचे।

सभी प्रकार की सामग्री की दुकानों पर पूरे दिन चहल पहल रही

दीपावली के इस पर्व पर पीतल या तांबे के बर्तन अथवा इलेक्ट्रोनिक सामान, वाहन या फिर सोने-चांदी के आभूषण खरीदने की परम्परा है। अनेक लोगों को धन तेरस के दिन शहर में शुभ मुहुर्त में खरीददारी करते हुए देखा गया। इस बार सोने चांदी के दाम आसमान पर हैं अभी तक दीपावली पर होने वाली पूजा को लेकर चांदी का सिक्का खरीदने पहुंचते थे। लेकिन इस बार चांदी के दाम आसमान पर हैं यहीं स्थिति सोने की है। महंगे दाम होने के कारण अनेक लोगों को सराफा बाजार की दुकान में जाते हुए तो देखा गया लेकिन खरीददारी उन लोगों ने की जिन्होंने हमेशा से परम्परा बना रखी है। हालांकि सराफा व्यापारियों ने अपनी दुकानों को खूब सजाया था और धन तेरस के दिन अच्छा व्यापार निकलने की उम्मीद भी जताई थी। जिसका असर कम देखा गया। शहर में इलेक्ट्रोनिक्स की दुकानें भी खूब सजी देखी गईं। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान को सजाकर रखा था उन्होंने व्यापार की अच्छी उम्मीद जताई थी इन दुकानों पर लोगों की भीड देखी गई।

बाइक और ट्रैक्टर और स्कूटी वाहन भी खूब बिके

दीपावली के इस पर्व पर धनतेरस से लेकर दीपावली तक बड़ा कारोबार होता है। धनतेरस का दिन शुभ माना जाता है इसीलिए लोगों ने अपनी पंसद की बाईक, स्कूटी, कार, ट्रेक्टर की खरीददारी की। सभी शोरूमों पर लोगों की भीड़ देखी गई लोग अपनी पंसद के वाहन खरीदते हुए नजर आए। भले ही किसानों की फसल अभी न आ पाई हो लेकिन उसके बाद भी किसान बाजार में खरीदी के लिए पहुंचे। शहर के मोबाईल बिक्रेताओं के यहां भी मोबाइल की खरीदी होती देखी गई। इन दुकानदारों ने अच्छी बिक्री को लेकर मोबाइल का स्टॉक करके रखा। शहर में एक सैकडा दुकानों पर मोबाइलों की बिक्री होती देखी गई।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंकज सोनी निवासी सुराना चैराहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष ग्वाल ने उससे मारपीट की और उसकी कार का कांच फोड़ दिया। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी मूलचंद रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी सुनील रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिनारायण परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी अब्दुल फहीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इकबाल, शाहरूख और फारूख खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी राकेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमजद, इजरीस, सरफराज और टिम्मा मुसलमान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी सतेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कप्तान सिंह, सलमान यादव, फूलसिंह व कलावती यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी पवन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेपाल और कोमल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बल्लियों के सहारे टिकी छत के नीचे सांकेतिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को ईसागढ़ ब्लॉक के ग्राम बमनार स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय की बदहाल स्थिति को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का गंभीर उदाहरण सामने आया कि विद्यालय की छत पर कक्षा के लिए निर्माण तो किया गया, लेकिन वहां पहुंचने के लिए पिछले 14 वर्षों से सीढ़ी तक नहीं लगाई गई। इसके कारण विद्यार्थी उस कक्षा का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और मजबूरी में विद्यालय के आंगन में बैठकर अध्ययन कर रहे हैं। वहीं विद्यालय भवन की स्थिति भी चिंताजनक है। छत को लकड़ी की बल्लियों के सहारे टिकाकर रखा गया है, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने इसी जर्जर व्यवस्था के बीच "शिक्षा की बदहाली बंद करो" सहित विभिन्न नारों की तख्तियां लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया।

एबीव्हीपी विभाग संयोजक गोविंद गोस्वामी ने कहा कि जिले के शासकीय विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है।





मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल स्कूली बच्चों ने बीसोर की सपेरा बस्ती के साथ मनाई खुशियों वाली दीपावली

अशोकनगर। दीपावली के पावन पर्व पर जीवाजी पब्लिक स्कूल, नई सरांय के बच्चों, संचालक, प्राचार्य और शिक्षकों ने सामाजिक सरोकार की एक बेहद अनूठी और अनुकरणीय मिसाल पेश की है। विद्यालय परिवार ने इस बार त्योहार की चकाचौंध से दूर बीसोर सपेरा बस्ती में पहुंचकर वहां के जरूरतमंद परिवारों और बच्चों के साथ दीपावली का उल्लास साझा किया।

पूजन सामग्री पाकर खिले चेहरे, बच्चों को मिले परिधान इस सेवामयी पहल के तहत विद्यालय की ओर से बस्ती के प्रत्येक परिवार को दीपावली पूजन से जुड़ी आवश्यक सामग्रियां वितरित की गईं, जिसमें मिट्टी के पारंपरिक दीपक, तेल, पूजन पट, सुगंधित अगरबत्ती और स्वादिष्ट मिठाइयां शामिल थीं। इसके साथ ही, त्योहार की खुशी को दोगुना करते हुए बस्ती के नन्हे-मुन्ने बच्चों को वस्त्र भेंट किए गए। कपड़े पाकर बच्चों के मासूम चेहरों पर आई मुस्कान ने पूरे माहौल को आत्मीयता से भर दिया।

भावी पीढ़ी में रोपे सामाजिक जिम्मेदारी के बीज इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर व्यावहारिक जीवन में संवेदनशीलता और परोपकार का पाठ पढ़ाना था। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन से जहां एक ओर बस्ती के लोगों में भारी उत्साह और आनंद देखा गया, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों में समाज सेवा, आपसी प्रेम, करुणा और भाईचारे की भावना सुदृढ़ हुई। विद्यालय परिवार के इस नेक और संवेदनशील कदम की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

पिपरई में दूसरे दिन भी अस्पताल और मेडिकल स्टोर की जांच, एक लैब व मेडिकल दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर में अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब और मेडिकल स्टोरों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को नायब तहसीलदार अंजली चैधरी के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पैथोलॉजी लैब और एक मेडिकल स्टोर को सील किया गया। हालांकि, कार्रवाई की प्रक्रिया और चिकित्सा विभाग की भूमिका को लेकर सवाल खड़े होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान पैथोलॉजी लैब की मशीनें एवं मूल रिकॉर्ड तहसील कार्यालय ले जाने के लिए तहसीलदार की गाड़ी में रखकर तहसील कार्यालय ले गए। बाद में मामला वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में आने पर पैथोलॉजी की मशीन वापस करवाए जाने और दुकानों को दोबारा खोलने के निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी डॉ. आशीष पलेरिया से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उन्हें बीएमओ कार्यालय से जांच के संबंध में कोई आधिकारिक पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जांच दल के साथ जाने में असमर्थता जताई थी और इस संबंध में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को अवगत करया था। वहीं, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी से जब कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की जा रही है।



कार्रवाई की प्रक्रिया पर उठे सवाल

नगर में लगातार हो रही कार्रवाई के बीच मेडिकल स्टोर संचालकों की शैक्षणिक योग्यता, बी-फार्मा एवं डी-फार्मा की डिग्री और दुकान संचालन के वैधानिक दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मांग की जा रही है कि अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब और मेडिकल स्टोरों की जांच संबंधित विभागों के अधिकृत अधिकारियों की मौजूदगी में नियमानुसार की जाए, ताकि कार्रवाई पारदर्शी रहे और किसी भी वैध प्रतिष्ठान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

भारत स्काउट गाइड संघ ने मनाया स्थापना दिवस



अशोकनगर। भारत स्काउट गाइड जिला संघ अशोकनगर प्रति बर्ष की भांति इस बर्ष भी स्काउट गाइड का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षल्लहास के साथ मनाया सर्व प्रथम जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह सन्धु और जिला अध्यक्ष मनोज जैन ने स्काउट गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण कर व सर्व धर्म सभा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी पदाधिकारी व स्काउट गाइड के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुँच कर अपर कलेक्टर देवकीनंदन सिंह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा जिला परियोजना अधिकारी राहुल शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिड़े, जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन के अध्यक्ष अशोक जैन, हैड क्वार्टर कमिशनर अबधेश शर्मा, स्काउटर रविंद्र भारद्वाज को स्टीकर व स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया और सहयोग राशी का संग्रह किया। भारत में स्काउट गाइड की शुरुआत सन 1909 में बेंगलोर में हुई थीं परन्तु देश की स्वतन्त्रता के पश्चात सरदार पटेल ने कहा एक देश एक स्काउट तभी सभी ने मिलकर 07 नवंबर 1950 को इसकी विधिवत शुरुआत हुई। छात्र-छात्राओं में चरित्र निर्माण, सेवा भावना, आत्म निर्भर बनाना, सेवा के लिए तैयार इसका आदर्श वाक्य है पूरी दुनिया में स्काउट आंदोलन लगभग 176 देशों में संचालित है दुनिया में 6 करोड़ स्काउट गाइड है। इस अवसर पर जिला सचिव मुकेश शर्मा स्काउटर कपिल रघुवंशी, कार्यालय सहायक नितिन भार्गव गाइड सजना अहिरवार, शिवानी मण्डरे,प्रियंका मौर्य, आस्था यादव,मोहनी अहिरवार,आरती अहिरवार,स्काउ साहिल सिंह,सुरेन्द्र अहिरवार, कान्हा प्रजापति आदि रहे मौजूद।



समावेशी शिक्षा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ



अशोकनगर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के दिव्यांग नोडल शिक्षक को समावेशी शिक्षा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जो 2 से 4 अक्टूबर तक चला। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ एक ही क्लास में उनको समावेशित करते हुए शिक्षा देने के लिए है प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। मास्टर ट्रेनर गोविंद नारायण शर्मा एवं रामसिंह रघुवंशी द्वारा जिले के समस्त दिव्यांग नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना का लाभ किस प्रकार मिले और आरपीडब्ल्यूडी 2016 के तहत दिव्यांग बच्चों की श्रेणी या दिव्यंका 21 प्रकार की हो गई है पहले यह है चार प्रकार की थी आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के तहत अब दिव्यांग बच्चों 21 प्रकार की दिव्यांगता तक चिन्हित की गई है जो कि इस प्रकार है नंबर 1. मानसिक मंडमेंटल रेटरडेशन 2. ऑटिज्म नंबर 3. सेरेब्रल पॉलिसी 4. मानसिक रोगी मेंटल इलनेस .5 श्रवण बाधित हियरिंग एंपावरमेंट 6. मूक निशक्तता स्पीच एंपेरर मेंट 7. दृष्टि बाधित ब्लाइंडनेस 8. अल्प दृष्टि लो विजन 9 .चालान निशक्तता लोकोमोटर डिसेबिलिटी 10 कुष्ठ रोग से मुक्त लेप्रोसी कार्ड नंबर 11.बौनापन ड्राप्ट फिश 12.तेजाब हमला पीड़ति एसिड अटैक विक्टिम 13. मांसपेशी दूरविकार मस्कुलर डिस्ट्रॉफी 14 स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी,15 बौद्धिक निशक्तता इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी 16.मल्टीप्ल स्क्लेरोसिस 17. पार्किंसन रोग 18 हीमो फीलिया 19. थैलेसीमिया नंबर 20.सिकल सेल डिसीजन 21. बहू निशक्तता मल्टीप्ल डिसेबिलिटीज।

दुकानों के कारण निकलना मुश्किल, पुलिस को माइक लगाकर व्यवस्था बनानी पड़ी

शहर का गांधी चौक भीड़ से भरा आया नजर, जाम में फंसे लोग

किसी ने दीपक खरीदे, कोई माला खरीदते देखा गया, लक्ष्मी माता की तस्वीर भी लोगों ने खूब खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







धन तेरस की खरीदी के लिए निकले हुए लोगों ने दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर के गांधी चैक पर अपनी पंसद की सामग्री खरीदी। इस दौरान मिटटी से बने दिए, मोमवत्ती, गुजरिया, लक्ष्मी माता की तस्वीर और माला खरीदते हुए लोगों को देखा गया। इस दौरान गोर्वधन पूजा के दिन गायों को पूजा जाता है। उनकी सामग्री भी लोग खरीदते हुए नजर आए।

दीपावली का यह पर्व भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है जिसे हर वर्ग के लोगों द्वारा मनाया जाता है। दीपावली सिर्फ धन संपदा का त्योहार नही है यह अंधेरे से लड़ने की आंकाक्षा और कुरूति पर रीति नीति का महापर्व है। यह प्रकाश पुंज का पर्व है कहते हैं कि भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त करके जब अयोध्या वापिस लौटे थे तब उनका राज तिलक किया गया था। इसी उपलक्ष्य में यह दीपावली का पर्व मनाया जाता है। कहते हैं कि समुद्र मंथन के दौरान जो 14 रत्न प्राप्त हुए थे उसमें सर्वश्रेष्ठ रत्न के रूप में लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। इसी दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन गुरू अर्जुनदेव ने स्वर्ण मंदिर की स्थापना की थी। इस दिन स्वामी रामतीर्थ का जन्म हुआ था और महर्षि दयानंद सरस्वती को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी।

दीपावली के इस पर्व पर 8 नबंवर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। शुभ मर्हुत में धन की देवी लक्ष्मी माता की पूजा की जाएगी। इस महापर्व को लेकर शहर के लोगों को अपनी जरूरत की सामग्री खरीदते हुए देखा गया। इस बार मिटटी के दिए भी बाजार में हैं बाहर से आने वाले दिए भी हैं जिन्हे लोगों द्वारा खरीदते हुए देखा गया। शहर में लोगों ने फूल मालाए भी खरीदीं और तोरन द्वार भी खरीदे। दीपावली के दिन अपने घरों पर यह मालाएं द्वार पर बांधी जाती हैं। इसी दौरान लोगों को मिटटी से बनी गुजरिया भी खरीदते हुए देखा गया। दीपावली के इस त्यौहार पर लक्ष्मी माता के पाना और तस्वीर भी बिकती हुई नजर आईं। शहर में किराने की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। घर घर में पकवान दीपावली पर बनते हुए नजर आए।

मिठाई के दुकान के साथ कंपनी पैक आईटम भी लोगों की पसंद रहे



शहर में मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर भी लोगो को अपनी पसंद की मिठाइयां खरीदते हुए देखा गया। बाजार में एक ओर मावे से बनी मिठाइयां नजर आईं तो दूसरी ओर कंपनियों के पैक आईटम पर भी लोगों को विशेष रूप में खरीद करते हुए देखा गया। इसके अलावा ड्रायफूट की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही।

तीसरे दिन भी जारी रही सफाई कर्मियों की हड़ताल

जनप्रतिनिधि सफाई करने पहुंचे तो कर्मियों ने किया विरोध, मांगों पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



दीपावली पर्व नजदीक आते ही जहां नगर के घरों और दुकानों में साफ-सफाई का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुरावर नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। प्रदेशव्यापी आह्वान पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की बुधवार से शुरू हुई 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें ठेका पद्धति खत्म हो अनुकंपा नियुक्ति मिले वेतन वृद्धि मिले एवं अस्थाई एवं स्थाई सफाई कर्मियों को आकस्मिक दुर्घटना राशि जैसी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इसके चलते नगर के मुख्य चैराहों, बस स्टैंड, मुख्य मार्गों और गली-मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। हड़ताल के चलते बिगड़ती सफाई व्यवस्था को देखते हुए शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी, पार्षदों एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नगर में सफाई अभियान शुरू करने का प्रयास किया। लेकिन जैसे ही इसकी जानकारी सफाई कर्मचारियों को लगी, वे नगर परिषद कार्यालय के सामने एकत्रित हो गए और सफाई अभियान का विरोध जताने लगे।

इस दौरान सफाई दरोगा रिंकू वाल्मीकि सहित अभिषेक होटले, राहुल इंदौरिया, संजय इंदौरिया, महेश होटले एवं अन्य सफाई कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे सफाई अभियान रोककर उनकी मांगों का समर्थन करें। कर्मचारियों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सफाई करने से उनकी हड़ताल कमजोर होगी। देखते ही देखते बातचीत बहस में बदलने लगी। स्थिति को समझाने के लिए थाना प्रभारी जितेंद्र मवई भी मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनप्रतिनिधि उनकी हड़ताल का समर्थन करने के बजाय सफाई कार्य करेंगे तो वे मृत पशुओं को नगर के मुख्य मार्गों पर डालने और नगर के बाहर का कचरा भी नगर में फैलाने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कर्मचारियों के विरोध के बाद जनप्रतिनिधियों का सफाई अभियान वहीं रोकना पड़ा।

इनका कहना है

आज हम नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों एवं पार्षदों के साथ सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते दीपावली पर नगर में जगह-जगह फैल रहे कचरे की सफाई करने निकले थे। लेकिन सफाई कर्मचारियों का कहना है कि हम उनकी हड़ताल का समर्थन करें। दीपावली जैसे त्योहार पर इस तरह की अव्यवस्था उचित नहीं है।

बालाप्रसाद चंद्रवंशी
अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि, कुरावर

हमारा उद्देश्य दीपावली के अवसर पर पूरे कुरावर नगर को स्वच्छ रखना है। इसी उद्देश्य से अध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षदों एवं कर्मचारियों के साथ सफाई करने निकले थे। सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगों पर जो भी उचित निर्णय लेगी, लेकिन हमारा लक्ष्य नगर को स्वच्छ रखना है।

समंदर सिंह चैहान
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद कुरावर

हमने जनप्रतिनिधियों से हमारी हड़ताल और मांगों का समर्थन करने की बात कही है। यदि वे सफाई कार्य करते हैं तो इससे हमारी हड़ताल कमजोर करने का प्रयास होगा। वे भी हमारे जनप्रतिनिधि हैं, इसलिए उन्हें हमारी मांगों का समर्थन करना चाहिए।

रिंकू वाल्मीकि
सफाई दरोगा, नगर परिषद कुरावर

सफाईकर्मियों की हड़ताल के बीच नपाध्यक्ष ने संभाली सफाई की कमान

पार्षदों और कर्मचारियों के साथ सड़कों पर उतरे नपाध्यक्ष, स्वयं वाहन चलाकर उठवाया कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेशभर में सफाईकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच सारंगपुर नगर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल स्वयं मैदान में उतर आए।

उन्होंने पार्षदों और नगर पालिका कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और नगर की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर फैले कचरे को उठवाने की पहल की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने स्वयं कचरा वाहन चलाकर कचरा उठवाया और सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। अध्यक्ष को स्वयं वाहन चलाकर सफाई व्यवस्था संभालते देख अन्य जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भी अभियान में सहयोग किया। सभी ने मिलकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, ऐसे समय में नगर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को आगे आकर इस जिम्मेदारी में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि कचरा इधर-उधर न फेंकें और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें, ताकि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सीएमओ दीपक रानवे, पार्षद गोपाल पाल, कमल शर्मा, राकेश पुष्पद, बाबूलाल अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर परिषद के बाहर सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन



जीरापुर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के तत्वाधान में प्रदेशव्यापी मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारियों की 8 सूत्रीय लंबित एवं ज्वलंत मांगों के तत्काल निराकरण हेतु अनिश्चितकालीन हड़ताल का तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन नगर परिषद कार्यालय के बाहर आयोजित किया जा रहा है। जहां पर सफाई कर्मचारियों ने बताया कि आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त करने की नीति , कार्यरत सफाई कर्मचारियों का नियमितीकरण , समान कार्य के लिए समान वेतन एवं सम्मानजनक न्यूनतम वेतन , पदोन्नति का लाभ , पुरानी पेंशन व्यवस्था , स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सम्मानजनक सेवा निवृत्ति , अनुकंपा नियुक्ति , वेतन व चुंगी क्षति समय सीमा में प्रदान करने से संबंधित इन बिंदुओं का त्वरित निराकरण नहीं किए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। जिसमें प्रमुख रूप से यूनियन तहसील अध्यक्ष राधेश्याम झावा , मनीष झावा , अनिल झावा , रोहित झावा , सुनील झावा आशीष (गोलू) ,अरविंद झावा , सनी , राज , अजय सहित समस्त महिला एवं पुरुष सफाई कर्मचारी धरना पर बैठकर विरोध कर अपनी मांगे मनवाने पर अड़े है।

हत्या के दो दोषियों को सुनाई सजा

इंदौर निवासी युवक की गला दबाकर की थी हत्या दोनों दोषियों को 7-7 साल कारावास



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

छपरा टोल टैक्स के पास इंदौर निवासी युवक की हत्या के मामले में सारंगपुर न्यायालय ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी तरुण सिंह ने अभियुक्त रवि गोस्वामी और दीपक गोस्वामी निवासी ग्राम चुकलिया, जिला राजगढ़ को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। जानकारी अनुसार अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने बताया कि घटना 26-27 नवंबर 2023 की दरमियानी रात की है। आरोपियों ने छपरा टोल टैक्स, एबी रोड उदनखेड़ी के पास इंदौर निवासी अंकित शर्मा की चादर के टुकड़े से गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृतक का मोबाइल, पर्स और कार की नंबर प्लेट तोड़कर फेंक दी थी। मामले में थाना पचोर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा



302, 201 एवं 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। प्रकरण क्रमांक 570/2023 में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों के कथनों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया।

न्यायालय ने धारा 302 के तहत दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड तथा धारा 201 सहपठित धारा 34 के तहत 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस प्रकार दोनों आरोपियों पर कुल 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। फैसला सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को सारंगपुर जेल भेज दिया गया। शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने की।

रंगों के माध्यम से अभिव्यक्ती

एडवांस्ड किड्स एकेडमी में दीपावली पर्व पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



जीरापुर। एडवांस्ड किड्स एकेडमी में दीपावली पर्व पर प्रार्थना सभा मे श्रीराम के आगमन की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, रंगोली, दिया मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना प्रतियोगिता का उद्देश्य रहा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय लोक कला , प्रकृति और मानव जैसे गंभीर एवं संवेदनशील विषयों पर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने कहा कि बच्चों की रचनात्मकता समाज में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। विद्यालय के संचालक गिरिराज गुप्ता ने भी विद्यार्थियों की पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में सामाजिक संवेदनशीलता तथा सृजनात्मक दृष्टिकोण विकसित करती हैं।पेंशनर संघ की बैठक संपन्न

कर्मचारियों की मांगों को लेकर अभा सफाई मजदूर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर



मध्यप्रदेश में सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और अधिकारों को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। संगठन के आह्वान पर 3 नवंबर से प्रदेशभर में हड़ताल शुरू की गई है।

इसी क्रम में खुजनेर नगर परिषद के 31 अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने भी धनतेरस शुक्रवार से नियमितीकरण सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब नगर की सफाई व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। नियमित सफाई कार्य प्रभावित होने के बीच नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं मैदान में उतर आए हैं। नगर परिषद प्रभारी सीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए मोर्चा संभाला और नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य किया। ऐसे में एक ओर सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी व्यवस्था संभालने में जुटे हुए हैं।

संगठन का कहना है कि सफाई कर्मचारी शहरों, कस्बों, गांवों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और जरूरी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। फिलहाल खुजनेर में 31 सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर की सफाई व्यवस्था चुनौती बनी हुई है। अब देखना होगा कि सरकार और संबंधित विभाग कर्मचारियों की इन आठ सूत्रीय मांगों पर क्या निर्णय लेते हैं और हड़ताल का समाधान कब तक निकल पाता है।

मवासा में स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को वितरित की रजिस्ट्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

समीपस्थ ग्राम पंचायत मवासा में स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव एवं राजस्व एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम दौरान स्वामित्व योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को उनकी आवासीय संपत्तियों की रजिस्ट्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी स्वामित्व प्रदान करना तथा संपत्ति संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराना है इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

पेंशनर संघ की बैठक में की मुद्दों पर चर्चा, दी गई लोगों को जानकारी

जीरापुर। स्थानीय पेंशनर संघ की बैठक बैंक आफ इंडिया परिसर में आयोजित की गई। सिमें शाखा प्रबंधक गणपत लाल मीणा , सह प्रबंधक हर्षवर्धन पंत ने पेंशनरों को बैंक में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा सुविधाएं हर समय उपलब्ध दो ऐसी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। नवंबर माह से सभी पेंशनरों को आवश्यक रूप से जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है, ऑनलाइन, ऑफलाइन जमा कर सकते हैं यदि जीवित प्रमाण पत्र जमा नहीं किए गए और ऐसे मे पेंशन रुकेगी जिनको चालू करवाने में मशक्कत करना पड़ेगी, साथ ही साइबर क्राइम के अंतर्गत अज्ञात नंबरों पर बैंक खातों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी नहीं दी जावें , जमा राशि एफडी , ब्याज दरों के संबंध से भी अवगत कराया गया। बीमा एवं अस्वस्थ पेंशनर से उनके आवास पर पहुंचकर ही जीवित प्रमाण पत्र ले लिए जाएंगे पेंशनर को भुगतान हेतु प्रथक से काउंटर की व्यवस्था कर दी गई है, कोई भी समस्या होने पर पेंशनर प्रबंधक , सह प्रबंधक से सीधे संपर्क कर सकते हैं । बैठक में अध्यक्षता पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए बैंक प्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मंडी में पटाखा बाजार में सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी

50 दुकानें संचालित, कहीं अग्निशामक यंत्र नदारद तो कहीं दुकानों के बीच दूरी नहीं, निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कृषि उपज मंडी परिसर में दीपावली के अवसर पर लगाए गए पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है।

बाजार में संचालित दुकानों पर सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहीं दुकानों के बीच निर्धारित दूरी नहीं है तो कहीं आग बुझाने के लिए अग्निशामक यंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में त्योहार पर खरीदारी करने पहुंच रहे हजारों लोगों की सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, पटाखा बाजार के लिए कुल 88 दुकानों के लाइसेंस जारी किए गए हैं, जबकि मौके पर करीब 50 दुकानें संचालित हो रही हैं। आरोप है कि कुछ व्यापारियों ने दो-दो लाइसेंस प्राप्त



कर एक ही दुकान संचालित कर रखी है। इससे एक ही दुकान में निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे रखे जाने की आशंका जताई जा रही है।

नियमों के अनुसार दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी होना आवश्यक है, लेकिन मंडी परिसर में कई दुकानें एक-दूसरे के बिल्कुल पास लगाई गई हैं। इसके अलावा कुछ दुकानों में अग्निशामक यंत्र नहीं मिले, जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकानों के सामने पर्दे लगा रखे हैं। बाजार में सुरक्षा इंतजामों की एकरूपता भी नजर नहीं आ रही है। कुछ दुकानों में निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। दीपावली के दौरान पटाखा बाजार में बच्चों, महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है। ऐसे में यदि किसी दुकान में आग लगने जैसी घटना होती है तो पास-पास लगी दुकानों के कारण आग तेजी से फैल सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है।

निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी

मामले में तहसीलदार कपिल शर्मा ने बताया कि पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी। निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखे मिलने या दुकानें नियम विरुद्ध संचालित पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

80 वर्ष से चली आ रही रामलीला की परंपरा

लखनवास में राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन



लखनवास। नगर में चल रही नौ दिवसीय रामलीला का समापन शुक्रवार को राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। रामलीला में राम जन्म, वनवास, सीता हरण, रावण वध और कुंभकरण वध सहित सभी प्रमुख पात्रों का मंचन किया गया। गांव में रामलीला की यह पुरानी परंपरा पिछले 80 वर्षों से लगातार चली आ रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीणों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ रामलीला का आयोजन किया।

रामलीला का मंचन पंडित आचार्य बृजमोहन शर्मा के सान्निध्य में हुआ। मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के गांवों के लोग पहुंचे। व बाहर से आए अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्वागत सत्कार भी रामलीला मंडल समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हुआ ट्रक

बालमपुर घाटी पर गेहूं से भरा ट्रक गहरी खाई में पलट गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे की बालमपुर घाटी पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे ट्रक घाटी चढ़ते समय अचानक बंद हो गया। इसके बाद ट्रक पीछे की ओर रिवर्स होते हुए करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि ट्रक में भरी गेहूं की बोरियां खाई में बिखर गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक गंजबासौदा से गेहूं की बोरियां भरकर इंदौर में माल खाली



करने जा रहा था। ट्रक बालमपुर घाटी की चढ़ाई पर पहुंचा, अचानक उसकी सभी लाइटें बंद हो गईं और ट्रक का इंजन भी बंद हो गया। चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक पीछे की ओर खिसकता चला गया और 10 फीट गहरी खाई में पलट गया।

दीपावली का महाउत्सव हर्षोल्लाह उमंग के साथ मनाया

ब्रह्माकुमारी आश्रम में मां लक्ष्मी की झांकी सजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी के मार्गदर्शन में दीपावली का महा उत्सव बड़े ही हर्षोल्लाह उमंग एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत सुरज सिंह मडलोई, बड़े राममांदिर पुजारी हनुमान शर्मा, ग्राम नांदरी सरपंच रामनारायण मालवीय, पतंजलि योगाचार्य राम रतन गुप्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माचलपुर प्रभारी सीमा दीदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहां की दीपावली आत्म जागृति , सतयुगी दुनिया के आने का स्वच्छता का , पवित्रता का, यादगार है मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम नांदरी से पधारे हुए सरपंच रामनारायण जी ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की मैं संस्था में आकर बहुत ही शांति , सुख आनंद प्रेम का अनुभव कर रहा हूं । बीके



अनीता दीदी ने दीपावली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य उजागर किया। पांचो ही दिनों के पर्व का अपना-अपना महत्व है, धनतेरस हमें सच्ची आध्यात्मिक संपत्ति अर्थात ज्ञान और दिव्य गुणो का खजाना प्राप्त करने की प्रेरणा देता है । नर्क चतुर्थी बुराइयों एवं विकारों को समाप्त करने का संदेश देती है।। दीपावली आत्मा में ज्ञान का दीपक जलाकर जीवन को प्रकाशित करने का प्रतीक है, पड़वा नवीनता एवं श्रेष्ठ संकल्पों के साथ जीवन की नई शुरुआत करने की प्रेरणा देता है, वही भाई दूज आत्मिक प्रेम, पवित्रता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी को अपने अंतर्मन में ज्ञान योग की ज्योति जलाकर सच्ची दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मां लक्ष्मी की मनमोहक झांकी सजाई गई जिसकी सभी ने सराहना की श्रद्धा , भक्ति भाव से मां लक्ष्मी की आरती उतारी गई। बीके सीमा दीदी ने मेडिटेशन के माध्यम से सबको आत्म अनुभूति कराई। सभी अतिथियों का एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन सुंदर आध्यात्मिक ज्ञान, प्रेम उमंग उत्साह के साथ हुआ।